समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform

News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit

वर्ष 1, अंक 8, पेज 8, शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 TITLE CODE HARHIN11569


# बैंककर्मी ने ग्राहकों की एफडी तोड़कर किया 88 लाख रुपये की हेराफेरी

समाचार गेट/नरवीर यादव

गुरुग्राम। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की झाड़सा ब्रांच के बैंक असिस्टेंट पर 88 लाख रुपये के गबन का आरोप लगा है। ब्रांच की मौजूदा मैनेजर की ओर से आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी गई। आरोप है कि कई ग्राहकों की एफडी तोड़कर आरोपी ने इन ग्राहकों के नाम से खोले गए फर्जी खातों में ये राशि ट्रांसफर की। फिर इस राशि को आगे अपने व परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर लिया गया। आरोपी असिस्टेंट, उसकी पत्नी व दो रिश्तेदारों के खिलाफ सदर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।




पुलिस को ये शिकायत सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की झाड़सा ब्रांच की सीनियर मैनेजर खुशबू सक्सेना की ओर से दी गई है। साजिश के तहत फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी का आरोप दिल्ली नजफगढ़ के अर्जुन पार्क में अब रह रहे बिहार सिवान के मूल निवासी सुधीर कुमार, सुधीर की पत्नी रुचि कुमारी, उसके रिश्तेदार दिल्ली नजफगढ़ के अर्जुन पार्क निवासी श्रीकांत ओझा और दिल्ली के महावीर एंक्लेव निवासी महिला मधुमति सिंह पर लगाया गया है। आरोप है कि सुधीर इस ब्रांच में ऑफिस असिस्टेंट के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि बैंक की एक कस्टमर कृष्णा के नाम पर

**कई कस्टमर के बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को आरोपी ने बदल दिया। जिसके बाद उनकी एफडी तोड़कर आरोपी ने अपने व परिचितों के खाते में ट्रांसफर कर ली।**

आरोपी ने फर्जी खाता खोल लिया जबकि इस महिला कृष्णा के नाम पर एक खाता पहले से ही था। कृष्णा के नाम पर 50 लाख रुपये की एफडी को प्री-मेच्योर ही तोड़कर आरोपी ने नए खोले गए फर्जी खाते में ट्रांसफर कर लिया। इसी तरह कई कस्टमर के बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को आरोपी ने बदल दिया। जिसके बाद उनकी एफडी तोड़कर आरोपी ने अपने व परिचितों के खाते में ट्रांसफर कर ली। एक महिला कस्टमर से एफडी के नाम पर साढ़े 5 लाख रुपये लेकर उसे फर्जी एफडी स्लिप जारी कर दी।

# मोदी को मिला नया 'दोस्त', नाजिम की डिमांड को प्रधानमंत्री ने किया तुरंत पूरा

समाचार गेट/नरवीर यादव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्रीनगर का दौरा किया। उन्होंने बख्शी स्टेडियम से 6400 करोड़ की 53 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। उन्हा.ेने लोगों को संबोधित करते कश्मीर के विकास को लेकर चर्चा की। 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली कश्मीर यात्रा है।



जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी से मधुमक्खी का पालन करने वाले पुलवामा के एक युवा किसान, नाजिम से बातचीत की। नाजिम ने पीएम मोदी को बताया कि कश्मीर का शहद 1000 रुपये किलो पहुंच गया है नाजिम से बात कर रही थी तभी उसने पीएम से एक खास अपील की। एक ऐसी अपील जिसे सुनकर रैली में मौजूद लोग भी थोड़ा हैरान रह गए।

उन्होंने कहा कि सर, एक गुजारिश है। एक बार मैंने 2023 में 'सेल्फी विद मोदी जी' ली थी। आज मेरा जी चाहता है कि मैं उस सपने को भी साकार करूं। यह सुनकर मंच मोदी मुस्कुरा दिए। पीएम ने एसपीजी कमांडो की तरफ देखते हुए कहा कि मैं कोशिश करता हूं। मैं एसपीजी के लोगों को बोलता हूं। बाद में आपको इस तरफ लेकर आएंगे। मैं आपके साथ जरूर सेल्फी लूंगा।

इसके बाद पीएम मोदी ने अपना वादा पूरा किया और उनके साथ सेल्फी ली। पीएम मोदी ने इस घटना का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट लिखा, " मेरे दोस्त नाजिम के साथ एक यादगार सेल्फी।

मैं उसके अच्छे काम से प्रभावित हूं। सार्वजनिक बैठक में उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और उनसे मिलकर खुशी हुई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।"

# 'कांग्रेस तेरे आंगन में 'पाक' का क्या काम': गौरव भाटिया

## पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाले आरोपी के साथ राहुल की दिखाई तस्वीर

समाचार गेट/कृष्णा शर्मा

नई दिल्ली। भाजपा ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में लगे नारों को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि भारत के खिलाफ बोलने वाले व्यक्ति को गले से लगाया जाता है इसलिए कांग्रेस की यात्रा को भारत तोड़ो अन्याय यात्रा कहा जाता है। साथ ही गौरव भाटिया ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने वाले शख्स के साथ राहुल गांधी की तस्वीर भी दिखाई।



भाजपा ने कर्नाटक विध.ानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में लगे नारों को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारत तोड़ो अन्याय यात्रा करार दिया।

कर्नाटक में पिछले हफ्ते राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद विधानसभा के भीतर पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी हुई थी। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद इल्ताज, मुनव्वर अहमद और मोहम्मद शफी शामिल है।

गौरव भाटिया ने कहा कि भाजपा ने जब मुद्दे को बड़ी प्रखरता के साथ उठाया, तो बचने के लिए कर्नाटक सरकार ने तीन लोगों की गिरफ्तारी की। उनमें मोहम्मद इल्ताज, मुनव्वर अहमद और मोहम्मद शफी शामिल है। इस दौरान गौरव भाटिया ने मोहम्मद इल्ताज की राहुल गांधी के साथ की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि भारत तोड़ो अन्याय यात्रा के दौरान जुड़वां भाई बनकर देशद्रोही, जो पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाता है, राहुल गांधी के साथ गले मिल रहा है। उन्होंने कहा,

राहुल गांधी उस व्यक्ति को छप्पी दे रहे हैं और गले से लगाते हैं... तुम देश का विरा.ेध करो मैं तुम्हारे साथ खड़ा हूं... क्या यह व्यक्ति महज एक बार राहुल गांधी से ऐसे मिला है? नहीं... ये जो कांग्रेस पार्टी की टुकड़े टुकड़े मानसिकता है उसे बढ़ावा किसने दिया है।

# लोकसभा टिकट की दौड़ में पीछे नहीं हरियाणा की ये महिला नेत्रियां

समाचार गेट/नरवीर यादव

चंडीगढ़। हरियाणा की महिला नेत्रियां किसी से पीछे नहीं है। लोकसभा टिकट की दौड़ में भी कई बड़े दिग्गजों को चुनौती दे रही हैं। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर पुरुष ही नही महिलाएं भी कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी हैं। एक दर्जन से अधिक महिला नेत्री टिकट की दौड़ में हैं जिनकी अपने संसदीय क्षेत्र में मजबूत दावेदारी है।

भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डॉ. सुधा यादव गुरुग्राम और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से भाजपा के टिकट की प्रबल दावेदार हैं। वर्ष 1999 में महेंद्रगढ़ से अहीरवाल के दिग्गज नेता और कांग्रेस प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह (वर्तमान में मोदी सरकार में राज्यमंत्री) को हराने वाली सुधा यादव को दोनों सीटों में कही पर भी चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है।

पिछले चुनाव में चौधरी धर्मबीर सिंह से शिकस्त झेल चुकी कांग्रेस की श्रुति चौधरी फिर से भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर कांग्रेस टिकट की प्रबल दावेदार हैं।

अंबाला (सुरक्षित) से भाजपा के टिकट की दौड़ में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो देवी कटारिया सबसे आगे हैं। यहां से कांग्रेस भी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा पर दांव खेल सकती हैं, जो दो बार अंबाला और दो बार सिरसा से सांसद रह चुकी हैं।

भाजपा फिर से यहां से सुनीता दुग्गल को टिकट दे सकती है।

पिछले चुनाव में हरियाणा में कुल 11 महिलाएं चुनाव लड़ी थी, लेकिन इनमें से सुनीता दुग्गल ही संसद पहुंची। तब उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष डा. अशोक तंवर (अब भाजपा में) को तीन लाख से अधिक मतों से हराया था।

रोहतक में राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री एवं विध.ानसभा में विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पुत्रवधू श्वेता मिर्धा हुड्डा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकती हैं।




# हेल्थ केयर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन



समाचार गेट/जितेन्द्र वत्स

फरीदाबाद। अग्रिम हेल्थ केयर एनजीओ दक्षता फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब गुरुग्राम एवं रामगोपाल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी गुरुग्राम ने मिलकर कॉलेज के अंदर सभी बच्चों को हेल्थ केयर अवेयरनेस के तहत हेल्थ से जुडी हुई बातें जैसे बोन हेल्थ, कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ ,कलर विजन सिंड्रोम, एनीमिया , डाइट ,जैसी विभिन्न प्रकार की समस्याओं से कॉलेज के बच्चों को अवेयरनेस प्रदान की जिसमें डॉक्टर आवीर सरकार एमबीबीएस एमडी ,एवं डॉ विनय अरोड़ा सीनियर आई सर्जन, डॉ राज अवतार डेंटल सर्जन ने अपना योगदान दिया प्रोग्राम में मुख्य रूप से चीफ गेस्ट के रूप में डॉक्टर डीपी गोयल फाउंडर कैन. विन फाउंडेशन एवं डॉक्टर महिमा मेडिकल ऑफिसर रो. टरी क्लब गुरुग्राम मौजूद रहे। इस प्रोग्राम के अंदर 41 बच्चों ने अपना ब्लड डोनेट किया। दक्षता फाउंडेशन ने कोडर हब पदेजपजनजम( उमकपबंस चंतजदमत ) के साथ मिलकर कॉलेज के बच्चों को यह भी बताया कि आप मेडिकल क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ सकते हो, बच्चों को मेडिकल कोडिंग एवं मेडिकल स्क्राइब के बारे में संपूर्ण नॉलेज प्रदान की एवं फ्यूचर प्लांस को भी बताया गया। प्रधान विकास वशिष्ठ का कहना है कि हम निरंतर समाज में ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे जिससे कि जरूरतमंद लोगों तक खून की सुचारू रूप से सुविधा मिलती रहे एवं हेल्थ केयर अवेयरनेस द्वारा मेडिकल अवेयरनेस द्वारा बच्चों को जागरुक करते रहेंगे। प्रिंसिपल रेणुका कात्यान्न जी ने बताया की दक्षता फाउंडेशन ने कॉलेज के अंदर बच्चों को जागरूक किया एवं बच्चों ने ब्लड डोनेशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हम चाहते हैं कि हम अपने कॉलेज में निरंतर ऐसे प्रयास करते रहेंगे जिससे समाज एवं बच्चों की हेल्थ केयर अवेयरनेस बनी रहे।

# दो करोड रू के कार्यो के शुभारंभ पर विधायक नीरज शर्मा ने किया मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद



समाचार गेट/जितेन्द्र वत्स

फरीदाबाद। एनआईटी क्षेत्र से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के वार्ड–9 में 2 करोड रू के कार्यो का शुभारंभ किया। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एनआईटी विधानसभा के कार्यो को लेकर लगातार संघर्ष जारी है लेकिन यह सरकार सिर्फ एनआइटी विधानसभा के साथ भेदभाव करने का काम करती आ रही है इनका सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री द्वारा किए गए उद्घाटनों पर विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि दो करोड़ के उद्घाटन में अगर एनआईटी विधानसभा के लिए भी कुछ होता तो हम मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करते। लेकिन मुख्यमंत्री जी का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा है, एनआईटी विधानसभा के 28 करोड़ की मांग जो मैं पिछले 4 महीने से कर रहा हूं जिसमें सिर्फ 14 करोड़ रह गए हैं अगर उनको आज तक नही दिया गया। फिर कैसा सबका साथ सबका विकास।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एनआईटी विध. ानसभा में सीवर ओवरफ्लो, नाले ओवरफ्लो, टूटी सडको के कारण 2 मौते हो चुकी है उसके बावजूद यह सरकार की आखें नही खुल रही है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि दिसंबर 2023 विधानसभा सत्र में तारंकित प्रश्न संख्या 9 में सरकार से पूछा कि क्या यह तथ्य है कि नगर निगम फरीदाबाद में निधि के अभाव के संबंध में नगर निगम फरीदाबाद द्व ारा निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय को अपने पत्र क्रमांक एम.सी.एफ.एस.ई 2023/978 दिनांक 12.10.2023 के माध्यम से एनआईटी विधानसभा के विकास कार्यों की 27.48 करोड रुपए की फाइल भेजी थी तथा उसमें उक्त कार्यों को करवाने की आवश्यकता भी वर्णित की गई थी। यदि हां तो उक्त फाइल की वर्तमान स्थिति क्या है? तथा उक्त फाइल के कब तक स्वीकृत होने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्य कब तक पूरे हो जाएंगे। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी प्राथमिकता सूची दिनांक 01.06.2023 के अनुसार कार्य नगर निगम के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। दिनांक 30.11.2023 तक, नगर निगम, फरीदाबाद के पास 626.59 करोड़ उपलब्ध हैं। यदि नगर निगम अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराने में असमर्थ है, तो सरकार नगर निगम को अतिरिक्त अनुदान देगी।

इसपर विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि 2 महीने से फाईल मंत्री महोदय के पास से होकर मुख्यमंत्री कार्यालय में लम्बित है लेकिन पास नही की जा रही है। मेरी विधानसभा के वार्ड–5 बालकल्याण स्कूल पॉकेट, वैध रोड, कुमाउ मंदिर रोड, नेत. राम सरिया रोड, जीवन नगर भाग–1 एंव भाग–2, वार्ड–9 नंगला इन्कलेव, नगंला से सरूरपुर वाली मुख्य रोड, सुभाष चौक से गाजीपुर रोड, लालू एसटीडी से गाजीपुर, अटल चौक से सोनिया चौक, भडाना चौक, सरंपच चौक, गजीपुर रोड, डबुआ काला. ेनी, डबुआ गांव, गांव बाजडी, जवाहर कालोनी डिपोजल के पास, खंड बी, कपडा काला. ेनी, 60 फीट रोड, दयाशकंर गिरी वाली रोड, गांव गौछि, राजीव कालोनी, संजय काला. ेनी की स्थिति काफी खराब है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मुझे तारीख बताई जाए कि कबतक मेरी विधानसभा के लिए पैसा अलॉट किया जाएगा।

## राजस्थान लोकसभा चुनाव

# ओपिनियन पोल के नतीजे कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी!

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दलों की जोर आजमाइश जारी है। बीजेपी ने राजस्थान में 15 उम्मीदवारों की घोषणा की है। जबकि कांग्रेस की ओर से अभी पहली सूची आना बाकी है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर आए ओपिनियन सर्वे रिपोर्ट के बाद कांग्रेस की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है। ज्यादातर पॉलिटिकल सर्वे (ओपिनियन पोल) यही इशारा कर रहे हैं कि साल 2024 के चुनाव में भी बीजेपी सभी 25 सीटें जीत सकती है। हालांकि कांग्रेस का यह साफ कहना है कि वो किसी भी तरह के ओपिनियन पोल को सही नही मानती है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस खुद को राजस्थान में मजबूत बता रही है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का भरोसा ही पार्टी की उम्मीद बना हुआ है। इसे लेकर कां

सर्वे रिपोर्ट में राजस्थान में फिर से बताया कांग्रेस का क्लीन स्विप

लोकसभा चुनाव नजदीक है, लिहाजा लगातार ओपिनियन पोल्स सामने आ रहे हैं। वह कांग्रेस के लिए चिंताजनक है। हाल ही में इंडिया टीवी सीएनएक्स की सर्वे रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ है। उसके बाद कांग्रेस की चिंता और बढ़ गई है। इस सर्वे रिपोर्ट में बीजेपी को फिर से 25 में से 25 सीटों पर जीत हासिल होती हुई बताई गई है। जबकि फिर से कांग्रेस के लिए सुपड़ा साफ बताया है। इस सर्वे रिपोर्ट की बाद कांग्रेस हाई कमान की नीदें उड़ी हुई है। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन के लिए फूंक फूंक कर कदम रख रही है।

लाज बचाने के लिए इन्ह तीन दिग्गजों पर दारोमदार

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फिर से राजस्थान से सुपड़ा साफ होने का खतरा सता रहा है। इसी वजह से कांग्रेस की पहली सूची अभी तक जारी नहीं हो पाई। कांग्रेस गहन मंथन के बीच ही 7 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। इधर, कांग्रेस के तीन दिग्गज नेताओं पर लाज बचाने के लिए पूरा दारोमदार बचा है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी है। इसको लेकर सियासी गलियारों में कयास का बाजार गर्म है।

कांग्रेस को राजस्थान में अपनी लाज बचाने के लिए गहलोत, पायलट और सीपी जोशी से काफी आशा है। लिह. ाजा इसको लेकर जमकर चर्चा हो रही है कि कांग्रेस इन तीनों दिग्गज नेताओं को लोकसभा चुनाव में उतर सकती है। इस दौरान सचिन पायलट को टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा से उतरने की जमकर चर्चा है। वहीं जोधपुर से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को चुनौती देने के लिए अशोक गहलोत को उतारा जा सकता है। इसी तरह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के जयपुर सिटी या भीलवाड़ा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने कयास लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस तीनों नेताओं को कन्वेंस करने में लगी हुई है।

# विपुल गोयल ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ, कहा मोदी सरकार समान अधिकार के लिए संकल्पित



समाचार गेट/जितेन्द्र वत्स

फरीदाबाद। पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सभी राज्यों में जिला स्तर पर मनाया जा रहा है जिसमें डिजिटल तरीके से स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला शक्ति को सम्बोधित कर देश के नाम सन्देश दिया व महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने भी अपने विचार साझा किये।

आज फरीदाबाद के सेक्टर 12 के हुडा कन्वेंशन हॉल में भी जिला प्रशासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर नारी शक्ति को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नरेंद्र गुप्ता के अलावा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, अमित मान उपमंडल अधिकारी नागरिक व बीडीपीओ दीपिका शर्मा भी मौजूद रही ।

विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने समाज में महिलाओं के समान अधिकार और सुरक्षा की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा मोदी परिवार इस संकल्प को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है अडिग है। गोयल ने कहा की महिलाएं समाज की नींव होती हैं और हमें उनके समर्पण और क्षमता को पहचानना चाहिए ताकि हम सब मिलकर एक सामर्थ और समर्पित समाज की दिशा में आगे बढ़ नये भारत के निर्माण में भागीदार बन सके। विपुल गोयल ने इस अवसर पर कहा की ये मोदी–मनोहर युग है जिसमें सर्व वर्ग का विकास निश्चित है। गोयल ने लखपति दीदी योजना के बारे मे कहा की सभी उम्र की महिला कौशल प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण लेकर स्वयं के व्यवसाय के लिए सरकार से बिना ब्याज के लोन ले सकती है और पुरा भारत देखेगा जब तीन करोड़ दीदी लखपति बनेगी और प्रधानमंत्री मोदी का सपना पूरा होगा।

विपुल गोयल ने कहा की आज देश में 'स्टैंड अप इंडिया' के तहत 80 प्रतिशत से अधिक ऋण महिलाओं को दिए गए हैं, जबकि लगभग मुद्रा योजना के तहत 70 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिया गया है जिससे स्पष्ट संदेश है की सरकार देश में महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है ताकि हमारी बहनें और बेटियां आगे बढ़ सकें।

# महाशिवरात्रि पर सजे फरीदाबाद के सभी मंदिर



समाचार गेट/जितेन्द्र वत्स

फरीदाबाद। कल महाशिवरात्रि है इसी अवसर पर फरीदाबाद शहर के तमाम प्रसिद्ध एवं छोटे–बड़े सभी मंदिरों में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर तैयारी अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अगर हम बात करें शहर के प्रमुख मंदिरों की तो इनमें एनआईटी एक नंबर स्थित श्री हनुमान मंदिर, एनआईटी दो नंबर स्थित प्राचीन शिवाला मंदिर, एनआईटी पांच नंबर स्थित श्री सनातन धर्म सभा तट कालेश्वर शिव मंदिर, सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49 शिव मंदिर, जवाहर कॉलोनी सनातन धर्म मंदिर सभा, प्रेस कॉलोनी शिव मंदिर व शहर के अन्य प्राचीनतम छोटे बड़े मंदि. रों में तैयारी अपने अंतिम चरण में है सुबह मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का आवागमन यहां शुरू हो जाएगा। भगवान शिव को श्रद्धालु अपने समर्थ अनुसार जल बेलपत्र पंचामृत व अन्य सामग्रीय भेंट करते हुए अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करेंगे साथ ही साथ महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक व चार पहर कि पूजा अन्य पूजन का भी महत्व है और शास्त्रों के अनुसार इस कहा जाता है कि भगवान भोलेनाथ इतने भोले और दयालु हैं कि वह केवल जल अभिषेक करने मात्र से अपने भक्तजन से प्रसन्न हो जाते हैं व उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यहां तक की शास्त्र में विद्वानों द्वारा बताया गया है कि भगवान भोलेनाथ अपने ऊपर चढ़े हुए बेलपत्र को भी अगर कोई पानी से धोकर उन्हें उसे पुनः शिवलिंग पर चढ़ा देता है तो भगवान भोल. ेनाथ उस भक्ति से भी प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। शहर भर में महाशिवरात्रि के पावन इस अवसर पर शहर में अनेकों शोभा यात्राएं भी निकाली जाएगी जो की अलग–अलग स्थान से होती हुई अपने गंतव्य तक पहुंच. ेगी। श्री सनातन धर्म सभा तट कालेश्वर शिव मंदिर द्व ारा आयोजित हर साल की तरह 14 मंदिरों को एक साथ झांकियां के साथ कार्यक्रम कल दिनांक 8 तारीख को 4:30 से शुरू करेंगे।

# कांग्रेस की जन आक्रोश रैली के लिए नेता लखन कुमार सिंगला ने जनसंपर्क कर दिया न्यौता



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। सेक्टर–12 स्थित हूडा ग्राउंड में 10 मार्च को आयोजित होने वाली कांग्रेस की जन–आक्रोश रैली के लिए आयोजकों ने गुरुवार को लोगों से जनसंपर्क कर न्यौते दिए।

रैली संयोजक कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने बताया कि इस रैली को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद सिह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित अन्य कांग्रेसी नेता जनविरा. ेधी बीजेपी सरकार की सच्चाई लोगों के समक्ष उजागर करेंगे। सिंगला ने ओल्ड फरीदाबाद के बाबा नगर व अजरौंदा आदि क्षेत्रों में लोगों से जनसपंर्क करके उन्हें रैली में आने का आमंत्रण दिया। लोगों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि इस रैली में क्षेत्र की जनता बढ़चढ़कर भाग लेकर बीजेपी सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर करेगी।

उन्होंने भाजपाईयों की स्वयंभू सिटी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के हालात ऐसे है, कि मामूली बरसात के दौरान यहां पॉश सेक्टरों के साथ–साथ कालोनियों की सडकों पर कई–कई फुट पानी जमा हो जाता है, जलनिकासी के उचित प्रबंध न होने के कारण यहां सडकों पर कई–कई दिनो तक पानी जमा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें पेश आती है। इस अवसर पर हाजी भूरा, साहिद, गुड्डू, शफीक, कालू, बल्लू, वीरेंद्र वशिष्ठ, डा. बनवारी लाल गुप्ता, तिलक राज शर्मा, गयालाल गुप्ता, विनय भाटी, अमर चंद तेवतिया, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### खेल व कल्चर को प्रोत्साहित करती है रोटरी: जितेंद्र गुप्ता



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। रोटरी हमेशा खेल व कल्चर को प्रोत्साहित करती आई है और रोटरी प्रीमियम लीग का आयोजन भी इसी उद्देश्य से किया गया। उक्त वाक्य डीजी रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता ने व्यक्त किए। वे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के रो. टरी प्रीमियर लीग 2024–25 के आयोजन पर संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर रोटेरियन्स खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दमखम खिलाया। इस अवसर पर 22 पुरुष टीम व दो महिला टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, फर्स्ट लेडी ऑफ द डिस्ट्रिक्ट डॉ दीप्ति गुप्ता, डीजी इलेक्ट महेश त्रिखा, सुजाता त्रिखा, डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन डॉ. अंजलि जैन, इवेंट चेयर आशीष गुप्ता, वीरेंद्र मेहता प्रेसिडेंट रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी, संदीप गोयल प्रेसिडेंट रोटरी क्लब फरीदाबाद हैरीटेज, एचएल भूटानी, सचिन जैन, नवीन पसरीचा के अलावा बड़ी संख्या में रोटेरियन्स मौजूद रहे। इस मौके पर रोटरी क्लब पलवल संस्कार ने मैच जीता। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब व प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब वरुण गुप्ता को दिया गया।

इस मौके पर आशीष गुप्ता ने कहा कि सभी मैच अनुशासन व नियमों के साथ–साथ भाईचारे की भावना के साथ खेले गए। वहीं रो. टरी एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आगे भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे। उन्होंने सभी अतिथियों को भी प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद दिया। वहीं अंजलि जैन ने इस सफलतापूर्वक आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना की ।

### "भारतीय संस्कृति और विरासत" पर एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया




समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग ने कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में 07 मार्च, 2024 को आगरा, फतेहपुर सीकरी, वृन्दावन और बरसाना के लिए "भारतीय संस्कृति और विरासत" पर एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया। रसायन विज्ञान बी.एससी. (ऑनर्स) और एम. एससी. रसायन विज्ञान के 35 छात्रों का एक समूह इस यात्रा में गया। रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. प्रियंका सहरावत इस यात्रा की संयोजक थीं। डॉ. प्रियंका सहरावत ने छात्रों को इस यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया ताकि वे इस देश की सांस्कृतिक नींव के बारे में अपना ज्ञान बढ़ा सकें। माननीय अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह की यात्रा से छात्रों को भारत के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी बढ़ती है।

आदरणीय महासचिव दिनेश गुप्ता ने यह भी कहा कि छात्रों के बीच हमारे देश की संस्कृति और विरासत के बारे में सामान्य जागरूकता पैदा करने के लिए ऐसी यात्रा आवश्यक है। रसायन विज्ञान विभाग के चार शिक्षक अथ. ति डॉ. प्रियंका सहरावत (संयोजक), डॉ. ज्योति यादव, डॉ. सपना त्यागी, डॉ. प्रियंका कुंडू और लैब अटेंडेंट सुशील कुमार, प्रमोद कुमार यात्रा के सुरक्षित निष्पादन के लिए छात्रों के साथ थे। छात्रों ने इस यात्रा से बहुत कुछ सीखा और उनके उत्साह और प्रोत्साहन ने इस यात्रा की सफलता को साबित किया।

### शिखा आंतिल ने संभाला एसडीएम का कार्यभार



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। वर्ष 2016 बैच की एचसीएस अधिकारी शिखा आंतिल ने गुरुवार को एसडीएम फरीदाबाद का कार्यभार संभ. ाल लिया। इससे पहले वह फरीदाबाद में ही नगर निगम के ओल्ड जोन की संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत थी। इससे पहले वह एसडीएम झज्जर, एसडीएम खरखौदा व झज्जर में जिला परिषद की सीईओ के पद पर भी नियुक्त रह चुकी हैं। एसडीएम पद पर ज्वाईनिंग के बाद उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को प्रदान करना है।

## अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की 31 महिला विभूतियों को भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से किया सम्मानित




समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। आज बेटी बचाओ अभियान ने अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश के कोने–कोने से आई 31 महान महिला विभूतियों को भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से सम्मा. नित किया। कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन जगजीत कौर ने व संयोजन राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शहीद राजा नाहर सिंह के वंशज एवं वरिष्ठ इनेलो नेता सुनील तेवतिया ने कार्यक्रम में शिरकत की।

सबसे पहले मुख्यातिथि सुनील तेवतिया द्वारा ज्योति प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। श्री तेवतिया ने कहा कि सभी महान विभूतियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मा. नित किया। कार्यक्रम में बेबी प्रियंका व अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की।

श्री तेवतिया ने कहा कि बेटी बचाओ अभियान की टीम देश में बहुत अच्छा कार्य कर रही है जिनके प्रयासों से देश में लिंग अनुपात में बहुत सुधार हुआ उन्होंने देश की महान महिला विभूतियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश की संस्कृति ऐसी महान महिला विभूतियों के कार्यों से ही विश्व में सबसे श्रेष्ठ संस्कृति है।

भारतीय महिला गौरव अवार्ड से सम्मानित विभूतियां जसलीन कौर डीसीपी सेन्ट्रल फरीदाबाद, यशिका यादव प्रिंसीपल जज फैमली कोर्ट, ममता खरबंदा दहिया डीसीपी क्राइम स्टेट, गरिमा मितल सीइओ स्मार्ट सिटी फरीदाबाद, अनमोल खरब बेडमिन्टन खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता, सीमा बंसल डायरेक्टर एसएसबी हॉस्पिटल, मानिका भारद्वाज एसीपी वूमैन सेफ्टी, पूनम हुडा एसएचओ बल्लभगढ़, सविता एसएचओ वूमैन एनआईटी, इंदू बाला वूमैन एसएचओ सैक्टर–16, मोनिका एसीपी फरीदाबाद, संगीता एस बहल गुडगांवा से, सुनीता शर्मा अम्बाला से, मधुबाला भिवानी से, शंकुतला विजयवर्गीया जयपुर से, संगीता तिवारी बिहार से, राशि चौधरी मुम्बई से, जागृति सिंह चौधरी व नैनिका गुप्ता दिल्ली से, कंचन लखानी, डॉ पुनीता आहूजा, मोनल कुकरेजा, नीरल कुकरेजा, बलजीत कौर, रितू सिंह, किरन शर्मा, रमा सारना, ध्वनि अरोड़ा, शैली बब्बर, दीप शिखा, रिया खरबंदा आदि को इस अवार्ड से सम्मनित किया जायेगा कुछ अवार्डी नही आ पाये जिन्हें उनके कार्यालय जाकर सम्मानित किया जायेगा।

## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महिला सैल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महिला सैल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के जनरल सैक्रेट्री श्री दिनेश गुप्ता जी व कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय प्राचार्य तथा अग्रवाल महाविद्यालय के जनरल सैक्रेट्री श्री दिनेश गुप्ता जी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जसलीन कौर (DCP Central, Faridabad), श्रीमती मोनिका (ICP, CAW, Faridabad) और इंस्पेक्टर पूनम (SHO, Mahila Thana, Ballabgarh) को पुष्प गुच्छ भेंट कर की गई। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय "Invest in Women - Accellerate Progress" था।

प्राचार्य जी ने जेंडर इक्वि. लिटी विषय पर बात की तथा साथ ही साथ उन्होंने छात्राओं द्वारा जीवन में रूबरू होने वाली चुनौतियों से भी अवगत करवाया। इंस्पेक्टर पूनम जी ने विद्यार्थियों से नारी सुरक्षा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। मोनिका जी ने 112 नंबर का उपयोग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रोशनी डाली।




# पिछले 10 वर्षो में फरीदाबाद में अभूतपूर्व विकास कार्यो करना सरकार की बड़ी उपलब्धि: कृष्ण पाल गुर्जर

## 40 वर्षो में फरीदाबाद जिला में पिछले नौ वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्यों का हुआ बेहतर क्रियान्वयन

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है। इसी कड़ी में पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद जिला में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आरओबी, आरयूबी पुल, रोड, एलिवेटर के विकास कार्य सहित लोगों की मूलभूत सुविधाओं के चहुमुखी विकास कार्य करवाने का प्रयास किया है।



केंद्रीय राज्यमंत्री आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्पाल गुर्जर ने कहा कि मैने अपने राजनीतिक जीवन के पिछले 40 वर्षों में कभी भी फरीदाबाद जिला का इतना विकास कार्य नहीं देखा, जितना पिछले 10 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि कहा कि विश्व में देश की आर्थिक और सामाजिक विकास को मजबूती मिल रही है। विश्व में भारत पांचवा मजबूत आर्थिक स्थिति वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि आज वीरवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पंचकुला से लाइव प्रसारण के जरिए 4223 करोड रुपए की धनराशि से 679 विकास योजनाओं परियोजनाओं का लोक लोकार्पण किया है।

फरीदाबाद की यह परियोजनाएं रहीं शामिल:–

फरीदाबाद जिला के गांव मोहना में सरकारी कॉलेज का उद्घाटन हुआ जिसपर अनुमानित लागत 13.20 करोड़ रुपये का खर्च आया है। पेव शोल्डर 4 लेन एलिवेटेड रोड दिल्ली आगरा रोड एनएच–19 से दिल्ली, वडोदरा एक्सप्रेस–वे वाया बल्लभगढ़ मोहना रोड के साथ–साथ लेन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया जिसकी लागत 21493 लाख रुपये है। गांव नचौली में सरकारी महाविद्यालय का उदघाटन किया 13.20 करोड़ रुपये का खर्च आया है। बडखल में सब डिविजन ऑफिस कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है, जिसकी कुल लागत 3167.71 लाख रुपये है। सीकरी से धौज रोड किमी 0.00 से 13.20 का सुधार/पुनर्निर्माण कार्य जिसकी कुल लागत 2432.47 लाख रुपये है। सेक्टर–23 में 20.50 करोड़ की लागत से 66 केवी सब–स्टेशन का उदघाटन किया गया।

विकास परियोजनाओं के उदघाटन अवसर पर हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के विकास में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और फरीदाबाद के विकास में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का अहम योगदान रहा है। मनोहर मनोहर और कृष्ण पाल गुर्जर की डबल इंजन की जोड़ी की सरकार ने फरीदाबाद में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, रोड, स्ट्रीट लाइट, एलईडी लाइट, पार्कों का सौंदर्य करण, कॉलेज व स्कूल निर्माण सहित चहुमुखी विकास करने में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित की है।

## 10 सालों में मोदी–मनोहर की जोड़ी ने वो काम कर दिखाया है जो काम पिछली सरकारें नहीं कर पायीं



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्यों की बहार आई हुई है तथा फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के वासियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज एनआईटी क्षेत्र के निवासियों को सड़क निर्माण कार्य की मनोहर सौगात मिली है।

केंद्रीय राज्यमंत्री आज वीरवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र के एनआईटी में एसीपी कार्यालय से व्यापार मंडल तक की सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने विधायक व केंद्रीय राज्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत कर उनका इस सड़क निर्माण व सौंदर्यकरण कार्यों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद के जनता को बिजली, पक्की सड़क, सिवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिंग टाइलों से बनाई गई गलियां सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात पिछले 10 सालों में मिली हैं। गत 10 वर्षों में केंद्र की मोदी व प्रदेश की मनोहर सरकार ने समाज के वंचित लोगों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि इन 10 सालों में मोदी–मनोहर की जोड़ी ने वो काम कर दिखाया है जो काम पिछली सरकारें नही कर पायी। प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एवं एफएमडीए के चेयरमैन मनोहर लाल खट्टर की मंजूरी मिलते ही आज इस फोनलेन सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डवलपमेंट अर्थोरिटी (एफएमडीए) द्वारा बनाई जाने वाली इस सड़क के निर्माण पर 10 करोड़ 20 लाख रुपये से ज्यादा की धनराशि व्यय की जाएगी। उक्त कार्यों की निर्माण अवधि 6 माह तय की गई लेकिन उनका प्रयास रहेगा ये इससे भी पहले बनकर तैयार हो जायें। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उक्त सड़क निर्माण को मंजूरी देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सड़क के कई हिस्से पिछले काफी दिनों से टूटे हुए थे जिसके कारण नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक ने स्थानीय निवासियों की सराहना करते हुए कहा कि इस खराब सड़क के कारण यहां के लोगों ने मुझे अवगत करवाया, जिसके चलते पिछले दिनों उन्होंने मौका मुआयना कर सड़क निर्माण शीघ्र कराने का आश्वासन दिया था और अब सीएम की मंजूरी के उपरांत इसका शुभारंभ करवाया गया।

## देश की महिलाएं स्वावलंबी, मजबूत और देश के विकास में बनें भागीदार

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। देश की नारियां जब तक सशक्त नहीं होंगी, देश कभी भी विकसित और आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है इसलिए मोदी मनोहर की डबल इंजन की सरकार महिलाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयत्नशील है और नई नई योजनाओं के माध्यम से देश की महिलाओं को सशक्त करने का कार्य कर रही हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शक्ति वंदन सम्मान समारोह में यह कहा ।



भाजपा फरीदाबाद महिला मोर्चा द्वारा विलेज ओर्गेनाइजर महिलाओं, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों एवं एनजीओ के कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने हेतु सेक्टर 12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में शक्ति वंदन सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें फरीदाबाद जिले की लगभग 500 से ज्यादा महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राजबाला सरधाना, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा भारद्वाज, ममता राघव, शक्ति वंदन कार्यक्रम की सह संयोजक अलका भाटिया, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी अजय डुडेजा, सहायता समूह की प्रमुख (विलेज ओर्गेनाइजर), एनजीओ की प्रमुख कार्यकर्ता मुख्य तौर पर उपस्थित रहे ।

शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने महिला, युवा, गरीब और किसान इन सभी वर्गों को मजबूत करने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि "बेटी बचाओ बेटी पढ़ो" अभियान की शुरुआत मोदी जी ने हरियाणा की भूमि से की और जिसके परिणाम स्वरुप लिंगानुपात 847 से बढ़कर 941 हो गया । देश की आधी आबादी यानि महिलाओं को शिक्षित करना, मजबूत करना और उनको आत्मनिर्भर बनाना मोदी – मनोहर का मुख्य लक्ष्य है । महिला सशक्तिकरण को केन्द्रित कर देश और प्रदेश की योजनाएं बनाई जा रही हैं, पिछले 10 वर्षों में महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेकों ऐसी योजनाओं को लागू किया गया है ।

## जो कहा वो कराया, मेरा सपना हुआ साकार: कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

समाचार गेट/ब्यूरो

बल्लभगढ़। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मैंने जो बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के लोगों से कहा वो कार्य पूरा कराया है। बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र चहुमुखी विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन करने मेरा सपना साकार हुआ। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोहना रोड पर एलिवेटिड पुल बनेगा। जिसकी आज वीरवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विडियों कान्फ्रेंस के जरिये आधारशिला रखी है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए धन्यवाद किया और कह अब मेट्रो की बारी है। बता दें कि बल्लभगढ में आगरा मथुरा रोड से




मुंबई–बड़ोदरा एक्सप्रेस–वे को जोड़ने वाले एलिवेटेड पुल का आज शिलान्यास किया गया है। राज्य स्तरीय लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के तहत वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा एलिवेटेड पुल का शिलान्यास किया गया है।

इसी कड़ी में फरीदाबाद के लघु सचिवालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम में करीब 214 करोड़ की लागत से एलिवेटिड पुल सहित 322 करोड़ रुपये की धनराशि की अन्य विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा सहित सभी विधायक गण और अधिकारी मोजूद रहे।

गौरतलब है कि करीब 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा यह पुल यह मोहना रोड से होकर गुजरेगा जो की दशहरा मैदान से शुरू होगा और मोहना रोड स्थित आदर्श नगर थाने के पास उतरेगा। इसके निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बल्लभगढ़ बस अड्डा से जेवर एयरपोर्ट की दूरी मात्र 25 मिनट की होगी, इसके साथ ही फरीदाबाद और बल्लभगढ़ शहर के अलावा करीब 80 गांव के लोगों को इसका फायदा पहुंचेगा। बल्लभगढ़ विधानसभा के करीब 30 कालोनियां और कई सेक्टरों को मोहना रोड पर लगने वाले दैनिक जाम से छुटकारा मिलेगा। वहीं सेक्टर–2 और सैक्टर– 64, सेक्टर 65, सेक्टर 62 की तरफ से अब मेट्रो स्टेशन या बस स्टैंड आने में मात्र 5 मिनट का समय ही लगेगा।

परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया है।

## अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने लॉन्च किया नया मैमोग्राफी मोबाइल क्लिनिक, स्तन कैंसर की जांच हुई और भी सुलभ

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने अपना पहला मैमोग्राफी मोबाइल क्लिनिक लॉन्च किया है, जो स्क्रीनिंग प्रक्रियाओं में सुधार और पहुंच का विस्तार करके भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर को खत्म करने के प्रयास में आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को घर पर सेवाएं प्रदान करेगा।



स्तन कैंसर से पीड़ित लोगों की जीवन प्रत्याशा शीघ्र पहचान और समय पर उपचार से बहुत प्रभावित होती है। भारत में स्तन कैंसर से महिलाओं के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में किसी भी जनसंख्या–आधारित कैंसर रजिस्ट्री की तुलना में आयु–समायोजित दर (एएआर) सबसे अधिक है। सुलभ स्क्रीनिंग की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, मोबाइल मैमोग्राफी मोबाइल क्लिनिक की शुरूआत एक शक्तिशाली पहल के रूप में सामने आई है। उच्च गुणवत्ता वाली मैमोग्राफी सेवाएं सीधे समुदायों तक पहुंचाते हुए, यह मोबाइल युनिट विशेष रूप से फरीदाबाद और इसके आसपास के जिलों को लक्षित करेगी, जहां प्रभाव सबसे अधिक ध्यान देने योग्य है।

अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, "मोबाइल मैमोग्राफी मोबाइल क्लिनिक का लॉन्च अमृता के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल, जिसका उद्देश्य उन समुदायों तक सीधे पहुंच योग्य मैमोग्राफी सेवाएं पहुंचाना है जिनकी हम सेवा करते हैं, स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारी मेडिकल आउटरीच में इस क्लिनिक का सफल एकीकरण अमृता हॉस्पिटल को एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करता है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

यह प्रयास सभी को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के हमारे मिशन में बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।"

मैमोग्राफी क्लिनिक महिलाओं के लिए सुविधाजनक स्तन कैंसर की जांच प्रदान करता है, जो एक मोबाइल युनिट है जो गांवों, कॉर्पोरेट कार्यालयों, स्कूलों और अपार्टमेंट इमारतों जैसे सुरक्षित और आसानी से सुलभ क्षेत्रों में तैनात की जाएगी। यह अभिनव दृष्टिकोण व्यापक पहुंच और समय पर पता लगाना सुनिश्चित करता है, विभिन्न समुदायों और कार्यस्थलों में सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा, हजारों लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

हथीन। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में हथीन बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश गुप्ता ने शहर के चुंगी मोड पर श्रीराम कालोनी के निकट एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। अति व्यस्तम हथीन– पलवल रोड होने के कारण हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आते जाते वाहन चालकों ने अपने अपने वाहनों को सडक किनारे साइड में खडा कर सब्जी, पूड़ी व खीर का भर पेट प्रसाद ग्रहण किया। लगभग 4 घंटे तक चले इस विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया था। इस अवसर पर आस पास के दुकानदारों व अधिवक्ताओं ने भी लोगों को प्रसाद वितरण करने में अपना विशेष सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन मास की शिवरात्रि को महाशिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च, शुक्रवार को मनाई जा रही है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।इस कारण महाशिवरात्रि को बहुत पवित्र पर्व माना जाता है। भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का महाशिवरात्रि सबसे बड़ा पर्व है। महाशिवरात्रि के दिन भक्त महादेव के लिए उपवास रखते हैं। मान्यता है कि इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं। महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है।

### परीक्षा केन्द्र में दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा

समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

होडल। होडल के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की फिलाइंग टीम ने दूसरे परीक्षार्थी की जगह पर परीक्षा दे रहे बी ए फाइनल के छात्र को परीक्षा देते हुए पकड़ लिया और परीक्षा केंद्र के सुप्रीडेंट की शिकायत पर होडल थाना पुलिस ने 420 ,419 और 120 बी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी उमर मोहमद ने जानकारी देते हुए बताया की परीक्षा केंद्र के सुप्रीडेंट जयपाल ने पुलिस को शिकायत दी है की उसके परीक्षा केंद्र आज 10 वीं कक्षा का इंग्लिश का पेपर था और वह परीक्षा केंद्र पर अपनी ड्यूटी दे रहे थे तभी परीक्षा केंद्र पर हरियाणा विधालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की फिलाइंग टीम परीक्षा केंद्र को चेक करने के लिए पहुंची और टीम में चिराग और पार्वती ने एक फर्जी विद्यार्थी को दूसर की जगह पेपर देते हुए पकड़ लिया तब परीक्षा देने वाले युवक से उसका नाम पता पूछा टी युवक ने अपना नाम आसिफ पुत्र उमर मोहमद निवासी चउअन का नंगला थाना हसनपुर बताया । जब पकड़े गए युवक से पूछताछ की तो उसने बताया की वह बी ए फाइनल का छात्र है और वह अपने गांव निवासी छात्र साहिल पुत्र इलियास निवासी चउअन का नगला रोल नंबर= 1024452127 ए वी एन हाई स्कूल पींगौड़ कें स्थान पर बैठकर फर्जी तरीके से बैठकर परीक्षा दे रहा था और वह खुद बी ए फाइनल का छात्र है। थाना प्रभारी ने बताया की परीक्षा केंद्र के सुप्रीडेंट जयपाल की शिकायत के आधार पर पकड़े गए युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित मामला दर्ज कर लिया है इतना ही नही जिस छात्र की जगह पर फर्जी तरीके से परीक्षा दे रहा था उस छात्र के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर कान से संबंधित बीमारियों के बारे में किया जागरुक



समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

सचिन। जिला नागरिक अस्पताल पलवल के सिविल सर्जन डा. नरेश कुमार गर्ग के दिशा–निर्देशन व उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में गांव भुलवाना में विश्व श्रवण दिवस के तहत कान की बीमारियों से संबंधित जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। आयुष मेडिकल ऑफिसर डा. रूप ने बताया कि बच्चों में कान बहने, कान में संक्रमण होने, कान में चोट लगने, बचपन में खसरा, मेनिनजाइटिस तथा मम्स (कन्फेडे) रोग होने से बहरापन होने की संभावना रहती है। इसलिए कान में कोई सींक या नुकीली चीज न डालें और न ही तरल पदार्थ या तेल डालें। उन्होंने बच्चों को समय–समय पर टीकाकरण करवाने की भी सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को झांसे में देकर देकर ठगे 86998 रूपये

**साइबर अपराधी भोले–भाले ग्रामीणों के बैंक खातों को बना रहे निशाना**

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। पुलिस द्वारा साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में चलाए जा रहे जागरूक्ता अभियान के बावजूद हैकर्स अपने मंसूबों में सफल हो रहे हैं। उनकी ओर से आए दिन रूपये फ्रॉड करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हैकर्स ग्रामीण क्षेत्र के भोले–भाले लोगों को अपने चंगुल में फंसाते हैं ओर उनके बैंकखातों से नकदी उड़ा रहे हैं। कनीना क्षेत्र में इस प्रकार दो घटनाएं लगभग एकसाथ घटित हुई। पहले केस में कनीना शहर थाना अंतर्गत गांव ककराला निवासी ब्रह्मदत्त ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके आई मोबाईल फोन कॉल पर बताया गया कि वह पीएनबी बैंक से मैनेजर बोल रहा है। आपका एटीएम बंद हो गया है इसे चालू रखना है तो ओटीपी मोबाईल पर आए ओटीपी नम्बर बताओ। संदेश को सही मानकर ब्रह्मदत्त ने ओटीपी नम्बर बता दिए। कुछ देर बाद उनके बैंक खाते से 49999 तथा 9999 रूपये खाते से उड़ाने का मैसेज आया। मोबाईल फोन पर आए इस संदेश को देखकर उनके हौश उड़ गए ओर थाने में शिकायत देकर अपरोधियों के विरूध कार्रवाई की मांग की।

दूसरे केस में हैकर्स ने खैराना गांव की महिला अनिता यादव के पास फोन कॉल कर कहा कि वह एलआईसी ऑफिसर बोल रहा है। झांसे में देकर मोबाईन फोन पर फेक राशि प्राप्त होने का संदेश भेजा और बाद में उसने ये राशि फोनपे एप से वापिस भेजने पर मजबूर कर दिया। उसका बैंक खाता कुलेचीरी डुपका नाम से दर्शाया गया था। धोखाधड़ी करते हुए उसने 27000 हजार रूपये ठग लिए। उनके फोन पर बैंक खाते से रूपऐ निकाले जाने का मैसेज आया तो मानो पैरों तले से जमीन खिसक गई। पुलिस ने दोनों मामलों में साइबर फ्रॉड करने वाले व्यक्त्यिों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

इस बारे में कनीना सदर थाना इंचार्ज रामनाथ ने बताया कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कोई भी उपभ ोक्ता मोबाईल पर आने वाले अनजान व लोभ–लालच वाले लिंक पर क्लिक न करे। किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, आधार नम्बर,बैंक खाता नम्बर,सीसीवी नम्बर, एटीएम कार्ड के बारे न बताएं। साईबर अपराध होने पर तत्काल 1930 नम्बर पर जानकारी दें।

### सरकार ने की पीपीपी के माध्यम से प्रो–एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरुआत

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया

रेवाड़ी।।हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को पेपरलेस, पारदर्शी व सुगम तरीके से सुविधाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से उनके घर द्वार पर पहुंचा रही है। इसी कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों के लिए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रो–एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरुआत की गई है।



अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पी.पी.पी. में मौजूद अपने डेटा के आधार पर पात्र पाए जाने पर, अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं।

डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बार जब किसी नागरिक की जाति व जाति की श्रेणी पी.पी. पी. में सत्यापित हो जाती है, तो वह बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सरल पोर्टल पर अपनी पारिवारिक आई.डी. डालकर अपेक्षित जाति प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के पीछे सरकार का उद्देश्य लोगों को फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से पी.पी.पी. में नागरिकों की सत्यापित जाति और जाति की श्रेणी के आधार पर सरल पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र पहले से ही जारी किए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पलवल जिला को दी लगभग 96 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

समाचार गेट/हेमलता सहरावत

पलवल। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को पंच. कुला के इंद्रप्रस्थ ऑडिटोरियम से प्रदेशभर में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का वर्चुवल माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पलवल जिला को भी करीब 96 करोड़ 13 लाख 73 हजार रुपये की लागत की 10 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसी कड़ी में पलवल जिला सचिवालय के समागार में आयोजित कार्यक्रम में हरियाण ा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा जितेंद्र कुमार, उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम पलवल नरेंद्र सिंह, डीडीपीओ संजय मुख्य रूप से मौजूद रहे।



हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आज प्रदेश भर में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया है। जिले में मुख्यमंत्री द्वारा 10 परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इन सौगातों में राजकीय महाविद्यालय भैंडोली के भवन का शिलान्यास किया गया है, जिस पर 30 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत आएगी। वही उटावड –सकरावा–भादस (मुख्य जिला सडक–135) 5.50 किलोमीटर लंबी सडक के सुधारीकरण का शिलान्यास किया गया है, जिस पर 7 करोड़ 12 लाख 79 हजार रुपए की लागत आएगी। वही होडल–नूंह–पटौदी–पटौदा (मुख्य जिला सडक–132) 26 किलोमीटर लंबी सडक के सुधारीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिस पर 13 करोड़ 26 लाख 54 हजार रुपए की लागत आएगी। वही पलवल शहर के लिए बरसाती पानी की निकासी परियोजना का शिलान्यास भी किया, जिस पर 38 करोड़ 31 लाख 28 हजार रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा 5 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बनाए गए राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ्ठ माध्यमिक विद्यालय घतीर के भवन, गांव सीहा में 35 लाख 88 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय पशु चिकित्सालय, गांव बेढापट्टी में 29 लाख 91 हजार रुपये की लागत से बनाए गए राजकीय पशु औषधालय तथा गांव मंडकौला में 35 लाख 83 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय पशु चि. कत्सालय और गांव कमरावली में 1.50 लाख रुपये की लागत से सुधारीकरण कर बनाए गए आदर्श प्ले स्कूल व गांव धींग. डाका में 20 लाख रुपये की लागत से बने आदर्श प्ले स्कूल का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पलवल जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूल व कॉलेजों का निर्माण किया गया है। जिला में सडकों का जाल बिछाया गया है। जिले में पशुओं की देखभाल के लिए पशु चिकित्सालय बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जनहित के सभी कार्य समानता के आधार पर किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों को शुरू किया गया है वे सभी आगामी 6 महीने में पूरे कर लिए जाएंगे।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

होडल। महारानी किशोरी मेमोरियल कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मानसिक जागरूकता विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में डॉ रिपुदमन गौड़ मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यअतिथि गौड, कॉलेज की चेयरपर्सन बिरमादेवी, प्राचार्य गार्गी शर्मा, निदेशक डॉ दिनेश तिवारी,डॉ उत्तमा सिंह,प्रियंकर चौधरी द्व ारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण विषय पर परिच. र्चा की गई। कार्यक्रम में प्रो.




गौड़ ने छात्राओ को बताया कि आज के आधुनिक युग में तेज–तर्रार दुनिया के बीच सफलता हांसिल करने लिए प्रत्येक कार्यक्रम के पीछे क्यों और कैसे पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। वह चाहे शिक्षा हो या व्यक्तिगत विकास हो। इस अवसर पर बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स) की छात्राओं ने कॉलेज जीवन विषय पर संगठित नाटक प्रस्तुत किया। इसी प्रकार बीबीए के छात्रों ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर प्रस्तुति दी और छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रिपुदमन गौड़ ने सत्र मे प्रतिभागियों को क्यों और कैसे

## कांग्रेस नेत्री व समाजसेवी प्रेरणा कालडा ने सरकारी स्कूल में सेनेट्री नेपकिन किये वितरित

समाचार गेट/हेमलता सहरावत

पलवल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कौशल विकास ट्रस्ट द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्लामाबाद पलवल में सेनेट्री नैपकिन वितरित कार्यक्रम किया गया। पलवल से कांग्रेस नेत्री व समा. जसेवी प्रेरणा कालडा द्वारा समय–समय पर समाज सेवा के कार्य किए जाते रहे हैं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में भी प्रेरणा की खास भूमिका रही है। पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में जुटी महिला कौशल विकास ट्रस्ट चेयरपर्सन प्रेरण ा कालडा ने बताया कि भले ही जमाना तेजी से विकास की ओर भागता दिखाई देता है बावजूद इसके आज भी ग्रामीण क्षेत्र की युवतियां शर्म और पारिवारिक हालात के चलते मासिक धर्म के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती है जिसकी वजह से वह कई तरह की बीमारियों का शिकार भी हो जाती हैं इन्हीं बातों को ध्यान रखते हुए उनके ट्रस्ट द्वारा पहले भी कई बार स्कूलों में छात्राओ को सेनेटरी नैपकिन बांटे जा चुके हैं साथ ही सफाई और हाइजीन के प्रति उन्हें जागरूक भी किया जाता है इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय इस्लामाबाद में ट्रस्ट द्वारा सेनेटरी नैपकिन वितरित किए



गए। इस अवसर पर स्कूल के हेडमास्टर राजेश , मैडम कृष्णा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में बी. ए. के छात्र एव छात्राओं ने भाग लिया

समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

होडल। राजकीय महाविद्यालय होडल के समाजशास्त्र विभाग के अन्तर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगित्ता में बी. ए. के छात्र एव छात्राओं ने भाग लिया ५ प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि एव उत्साह को बढाना था। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन 4 राऊन्ड में किया गया जिसमे प्रत्येक राउंड में 10 प्रश्न थे। प्रतियोगिता में 6



टीमों ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान पर टीम 5 रही (निशा, मधुबाला और सोहानी बी. ए. (प्रथम वर्ष), दितीय स्थान पर टीम 3 ( अवना, गयात्री, गीता बी. ए. (प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर टीम 1 ( नीरज, स्नेहा, ममता रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अनिल कुमार ओझा ने विजेता टीमों को प्रमाण पत्र दिये साथ ही प्राचार्य जी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के सभी छात्रों को विभिन्न प्रतियोगितामो में भाग लेते रहना चाहिए ५ यह उनके समुचित विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है। समाजशास्त्र विषय की प्रवक्ता श्रीमति सीमा वशिष्ठ ने प्राचार्य महोदय, डॉ रामकिशोर, डॉ संजू अग्रवाल श्री गुरनाम सिंह तथा छात्रों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में सहयोगी रूप में बी ए –2 वर्ष की छात्रायें निशा तथा राखी ने सराहनीय

## वाहन छीनने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया

रेवाड़ी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को पेपरलेस, पारदर्शी व सुगम तरीके से सुविधाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से उनके घर द्वार पर पहुंचा रही है। इसी कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार की ओर से नागरिकों के लिए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रो–एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र सुविधा की शुरुआत की गई है। अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पी.पी.पी. में मौजूद अपने डेटा के आधार



पर पात्र पाए जाने पर, अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बार जब किसी नागरिक की जाति व जाति की श्रेणी पी.पी. पी. में सत्यापित हो जाती है, तो वह बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सरल पोर्टल पर अपनी पारिवारिक आई.डी. डालकर अपेक्षित प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है।

## विकास परियोजनाओं के वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पहुंचे जगदीश नायर

समाचार गेट/सचिन भारद्वाज

होडल। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरूवार को पंच. कुला के इंद्रप्रस्थ ऑडिटोरियम से प्रदेशभर में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का वर्चुवल माध्यम से उदघाटन व शिलान्यास किया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पलवल जिला को भी करीब 96 करोड़ 13 लाख 73 हजार रुपये की लागत की 10 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसी कड़ी में पलवल जिला सचिवालय के समागार में आयोजित कार्यक्रम में हरियाण ा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा जितेंद्र कुमार, उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम पलवल नरेंद्र सिंह, डीडीपीओ संजय मुख्य रूप से मौजूद रहे।



हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन व होडल के विधायक जगदीश नायर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आज प्रदेश भर में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास किया गया है। जिले में मुख्यमंत्री द्वारा 10 परियोजनाओं की सौगात दी गई है। इन सौगातों में राजकीय महाविद्यालय भैंडोली के भवन का शिलान्यास किया गया है, जिस पर 30 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत आएगी। वहीं उटावड –सकरावा–भादस (मुख्य जिला सडक–135) 5.50 किलोमीटर लंबी सडक के सुधारीकरण का शिलान्यास किया गया है, जिस पर 7 करोड़ 12 लाख 79 हजार रुपए की लागत आएगी। वहीं होडल–नूंह–पटौदी–पटौदा (मुख्य जिला सडक–132) 26 किलोमीटर लंबी सडक के सुधारीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिस पर 13 करोड़ 26 लाख 54 हजार रुपए की लागत आएगी। वहीं पलवल शहर के लिए बरसाती पानी की निकासी परियोजना का शिलान्यास भी किया, जिस पर 38 करोड़ 31 लाख 28 हजार रुपए की लागत आएगी।






# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात के लोगों को दी बड़ी सौगात: औरंगज़ेब

## 9 मार्च को मेवात में ईद और दिवाली जैसा होगा उत्सव, मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताएंगे आभार

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर ने मेवात के लोगों को जो मान सम्मान देने का काम किया है इसके लिए मेवात की जनता हमेशा आभारी रहेगी। इतना बड़ा सम्मान आज तक मेवात के लोगों को किसी भी पार्टी के नेताओं ने नहीं दिया यहां पर बहुत से मुख्यमंत्री बनकर आए और बहुत से मंत्री बनकर आए। लेकिन किसी ने भी मेवात के वीर शहीदों को सम्मान देने की बात नहीं की। उक्त बातें हरियाणा हज



कमेटी के पूर्व चेयरमैन और मेवात में भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी औरंगजेब ने नूंह के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

चौधरी औरंगजेब ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। आज मेवात उनकी बेहतर सोच के चलते विकास की पटरी पर लगातार दौड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मेवात में भाजपा का कोई भी विधायक ना होने के चलते फिर भी मेवात में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

गुरुवार को भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 142 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया है जो मेवात के लोगों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है।

चौधरी औरंगजेब ने कहा कि 9 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेवात के बड़कली चौक पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीद राजा हसन खां मेवाती के बलिदान दिवस 15 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष दर्जा दे कर मेवात के वीर और शहीदों का मान बढ़ाया है। वह पूरे देश में बसने वाले मेवातियों के लिए बड़े गर्व की बात है। चौधरी औरंगजेब ने कहा कि 9 मार्च को पूरे देश में बसने वाले मेवाती बडकली चौक पर पहुं. चकर भारी जनसमूह के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करेंगे।

उन्होंने कहा कि 9 मार्च को मेवात में ईद और दिवाली जैसा उत्सव होगा और मेवात के लोग मुख्यमंत्री मनोहर लाल का फूल और मालाओं से भव्य स्वागत करेंगे। जिससे बडकली चौक पर 9 मार्च को जनसैलाब के रूप में मेवात की जनता नजर आएगी।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी हरियाणा की सभी 10 लोकस. भा सीटों पर जीत दर्ज करेगी और देश नरेंद्र मोदी के लिए उनके नेतृत्व में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए वोट करेगा।

## रक्तदान करने में महिला ने भी लिया भाग कहा की रक्तदान सबसे बड़ा दान है: सोनिया सिंह



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा एवं जिला रैड क्रॉस सोसायटी के सचिव देवेंद्र में कुमार के कुशल मार्गदर्शन कैंप का आयोजन किया। जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह रक्तदान के दायित्व को पूर्णतया सफल बनाने एवम जिला नूंह को रक्तदान में आत्मनिर्भर बनाने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चला रही है। आत्म निर्भर नारी–आत्म निर्भर नूंह कार्यक्रम में सैंकड़ों युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 22 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जिनमे 17 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया । रक्तदाताओं ने बताया कि रक्तदान के प्रति उनकी काफी भ्रांतियां जैसे कमजोरी आना, चक्कर आना आदि लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ और उन्हें बहुत अच्छा महसूस हुआ है। शिविर में नीरज एवम अंजू दो महिलाओं तथा सोनू वर्मा पीएलवी ने छठी बार रक्त दान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान हम सभी को करना चाहिए। रोताश, आशु लिपिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद नूंह ने भी रक्तदान किया।

इस अवसर जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश

**आत्म निर्भर नारी–आत्म निर्भर नूंह कार्यक्रम में सैंकड़ों युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 22 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया**

मलिक स्वयं 41 बार के रक्तदाता भी हैं।

उन्होंने बताया कि रक्तदान करना हर किसी के नसीब में नहीं होता। रक्तदान करने के लिए 18–60 वर्ष की उम्र का वह व्यक्ति जिसका वजन 45 किलो से अधिक तथा उसका हिमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह स्वस्थ होना चाहिए। वह व्यक्ति अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, शादी की सालगिरह, महापुरुषों की जयंती, शहीदी दिवस के अवसर पर 90 दिनों के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है।

इस शिविर को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य था की आमजन को जागरूक किया जा सके। शिविर को सफल बनाने में मेडिकल कालेज नलहर के रक्तकोष के चिकित्सक अधिकारी शेखर सैनी, राजकुमार प्रजापति, नरेश डागर, सोनिया एवम अन्य का काफी सहयोग रहा।

## रेडियो मेवात, स्मार्ट एनजीओ और रूप ऑटो ने मिलकर मनाया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। घर का आंगन महिला के बिना अधूरा लगता है मां, बहन, बेटियां हम सभी के जीवन में अहम भूमिका निभ. ाती हैं.. महिला है तो संसार हैद्य हमारे जीवन में महिलाओं का अहम योगदान है, इस दिन को खास बनाने के लिए स्मार्ट और रूप ऑटो ने गांव कवरसिका के आंगनवाड़ी सेंटर पर महिलाओं के साथ मिलकर महिला दिवस मनाया जहाँ पर दस गांव से लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया द्य रेडियो मेवात, रूप ऑटो और स्मार्ट एनजीओ, पहले से हि महिलाओं को जागरूक और



सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है । प्रोजेक्ट "हिंसा को नो" के तहत महिला दिवस को ख़ास बनाने के लिए, महिला एव बाल संरक्षण अधि. कारी सुश्री मधु जेन हाज़िर हुई। मधु की ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया और महिलाओं के साथ हो रही भेद–भाव पर चर्चा की। प्रोग्राम में वन स्टॉप सेंटर के कॉर्डिनेटर असफक भी जुड़े और उन्होंने महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा के ऊपर प्राकाश डाला। कार्यक्रम में रूप ऑटो रो आकाश शुक्ला और उनकी टीम ने भी अपनी भागीदारी दिखाई और साथ ही रण फाउंडेशन से आये सुरेश और स्वाति ने सभी महिलाओं को पीरियड्स के दौरान सफ़ाई रखने के बारे में बताया और हाइजीन किट भी बाँटी। इस कार्यक्रम से स्मार्ट दिल्ली ऑफिस से हिमांशी पांडेय और रेडियो मेवाड़ की टीम ने, सभी महिलाओं को घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी। साथ ही, टीम ने सभी महिलाओं को "पोषण की पोटली" खेल के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के बारे जानकारी दी और महिलाओं के साथ खेल खेला गया।

## पहली बार कोई सरकार मेवातियों की देशभक्ति को सलाम करने आ रही है: खुर्शीद राजाका

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में चल रहे मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कहा है कि किसी सरकार द्व ारा मेवात में राजा हसन खां मेवाती की शहादत को याद करना और मनोहर लाल मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार द्वारा 09 मार्च को बड़कली चौक नगीना आकर मेवात के शहीदों को सलाम करना प्रत्येक मेवाती के लिये गर्व की बात है! मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक खुर्शीद राज. ाका ने शहीदी दिवस में जनता को आमंत्रित करने के लिये अक्लीमपुर जैताका, राजाका, नौंटकी, नगीना और ईमामनगर का दौरा करते हुए लोगों के बीच कहा कि मनोहर सरकार से पहले की सभी सरकारों ने मेवातीयों की शहादत को भुलाने का काम किया लेकिन बीजेपी सरकार ने मेवातीयों के बलिदान को याद करके एक ऐतिहासिक अभूतपूर्व कार्य किया है! उन्होंने यह भी कहा कि राजा हसन खां मेवाती के



**राजा हसन खां मेवाती के इलावा हज़ारों मेवातीयों ने मुग़लों और अंग्रेजों से लड़कर मातृभूमि हिंदुस्तान के लिये अपनी जान की कुर्बानी दी**

इलावा हज़ारों मेवातीयों ने मुगलों और अंग्रेजों से लड़कर मातृभूमि हिंदुस्तान के लिये अपनी जान की कुर्बानी दी!

संयोजक खुर्शीद राजाका ने बताया कि शहीदी दिवस के मौके मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हर बार श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करता है लेकिन इस बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहीदी दिवस के अवसर पर मेवात के लिये कई बड़ी घोषण ाा भी करेंगे ताकि मेवात को विकास में आगे ला सकें! उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण करके मेवात को धार्मिक कटटर बनाया जबकि आज बीजेपी सरकार अच्छी शिक्षा व रोजगार के द्वारा मेवात को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ रही है! उन्होंने मेवात के सभी जाति धर्म के लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मेवाती अपने सपूत राजा हसन खाँ मेवाती की शहादत को सलाम करने और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभर प्रकट करने कार्यक्रम में अवश्य आये! इस दौरा में असरु सरपंच अक्लीमपुर, शाहरुख़ सरपंच राजाका, याकूब सरपंच, शाहिद सरपंच, उमर मोहम्मद नौटकी सरपंच, अब्दुल वहाब सरपंच ईमामनगर, यूनुस ठेकेदार राजाका, शमशेर राजाका और इरशाद मढ़ी सहित प्रमुख लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज ग्राम कवरसिका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। महिलाओं की जिम्मेदारी सिर्फ घर तक ही सीमित नहीं है बल्कि समाज के कल्याण में भी महिलाओं का योगदान हैं। महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ावा देने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस साल महिला दिवस शुक्रवार को है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने की शुरूआत साल 1908 में हुई थी। 8 मार्च के दिन ही महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किया था। इस दिन अमेरिका के न्यूयार्क शहर में महिलाएं अपने अधिकारों को पाने के लिए सड़क पर उतर आई थीं।

आंदोलन करने वाली इन महिलाओं की मांग थी कि उनके काम के मुताबिक उनका वर्किंग समय सीमित होना चाहिए। वहीं रूसी महिलाओं ने पहले विश्व युद्ध का विरा. ध करते हुए महिला दिवस मनाया था। यूरोप में महिलाओं ने 8 मार्च को पीस एक्टिविस्ट्स को सपोर्ट करने के लिए रैलियां निकाली थीं। हर साल अंतरराष्ट्री महिला दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल 2024 में महिला दिवस समावेशन को प्रेरित करें थीम के साथ मनाया जा रहा है। 'इंस्पायर इंक्लुजन' कैंपेन के तहत मनाने का मकसद है कि हर फिल्ड में महिलाओं की मौजूदी होना जरूरी है, अगर नहीं हैं तो क्यों नहीं हैं।हर महिला अपना घर स्वर्ग बनाना चाहती लेकिन या तभी संभव जब दम्पति अपने दायित्वों को प्यार से निभाये और महिला को पुरुष के बराबर सभी अधिकार प्राप्त सके युग महिला आसानी से सवलम्बी बन सकती महिला भी बेहतर शिक्षा के सकती हे दोनो पहियों से गाड़ी चलती हे अपने बच्चों की परवरिश दोनो मिलकर ही कर सकते हे ।

### स्वास्थ्य शिविर में 142 ग्रामीणों ने एनीमिया जांच करवाई



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम के सहयोग से एनीमिया की जांच एवं रोकथाम के उपाय के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गांव बझेड़ा में किया।

गौरतलब है कि नूंह को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए संस्था द्वारा टी 3 फॉर्मूले का प्रयोग किया जा रहा है यानी टेस्ट, ट्रीटमेंट और टॉक के जरिये इलाज और बचाव संबंधी जानकारी देना। इस शिविर के दौरान कुल 142 ग्रामीणो की एनीमिया की जांच की गई। साथ ही लोगों के बीच पोषण पूरक, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयां वितरित की गयी, जिसका उद्देश्य एनीमिया बीमारी और उससे बचाव के तरीको से लोगो को अवगत कराना था। इस शिविर में चिि. कत्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 142 लोगों की एनीमिया रक्त परीक्षण, बीपी और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर की जाच की गई। साथ ही एनीमिया की रोक. थाम के लिए युवा और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, संतुलित आहार और कम लागत वाले घर में बने पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

# मुख्यमंत्री के मेवात आगमन से पूर्व, आफ़ताब ने सरकार को घेरा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूहं। 9 मार्च को नूँह के बड़कली में शहीद राजा हसन ख़ान मेवाती के शहादत दिवस पर आ रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आगमन के पहले नूँह विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफ़ताब अहमद ने बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार की नीति और नीयत शहीद राजा हसन ख़ान मेवाती की सरज़मीं व उनके वंशजों के प्रति उदासीन रही है।

सीएलपी उप नेता आफ़ताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस की भुपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार में शहीद राजा हसन ख़ान मेवाती को सच्ची खरिज ए अक़ीदत पेश करने के लिए उनके नाम पर मेडीकल कॉलेज की स्थापना की थी, एक हज़ार करोड़ रुपये इसमें खर्च हुआ लेकिन दस सालों से खट्टर सरकार ने इसे बर्बाद करने का काम किया है, जिससे स्थानीय लोगों को इलाज में परेशानियों का सामना करना पड़ा।उन्होंने कहा कि मेडीकल कॉलेज में 1062 पद हैं लेकिन सिर्फ़ 450 रेगुलर पद भरे हैं, आउ. टसोर्स से लगाने के बाद भी सरकार ने आज भी 450 पद ख़ाली छोड़ रखे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि सरकार का ये कैसा प्रेम है यहाँ के शहीदों से, उन्होंने पूछा सरकार बताए क्यों मेडिकल कॉलेज के विस्तार के बजाय उसे एक रेफ़रल हॉस्पिटल में तब्दील किया गया।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि शहीद राजा हसन ख़ान मेवाती की सरज़मीं से बीजेपी सरकार को मोहब्बत



होती तो यहाँ ज़िले में शिक्षकों की सबसे ज़्यादा कमी क्यों है। बताया कि 9379 स्वीकृत पद हैं शिक्षकों के और नूँह ज़िले में 3670 स्थाई शिक्षक हैं। क्यों एनजीओ व गेस्ट लगाने के बाद भी आज भी 3719 शिक्षक हैं ही नहीं। यहाँ के बच्चों को क्यों अच्छी तालीम नहीं लेने देना चाहती बीजेपी सरकार।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि अगर सरकार के मन में भावना होती तो उसके वंशजों को बेहतर शिक्षा स्वास्थ और रोज़गार मुहैया कराती। सरकार के मन में मेवात के प्रति भेदभाव है, यहाँ के भाईच. ारे को तोड़ने की साज़िश इस सरकार में हुई ,इलाके को दंगों की आग में झोंका गया है। 31 जुलाई की दुर्भाग्यपूर्ण घटना इसका सबूत है, हिंसा नूँह गुड़गाँव पलवल फ़रीदाबाद आदि कई जगहों पर हुई लेकिन सरकार का बुलडोज़र शहीद हसन ख़ान मेवाती की सरज़मीं पर चलता है। क्यों, ये कैसा प्रेम है। निर्दोष स्थानीय लोगों सहित कांग्रेस विधायक मामन ख़ान पर आतंकवादियों पर लगने वाला यू ए पी ए किसने लगाया। जबकि अन्य ज़िले में ये क़ानून नहीं लगाया जाता जबकि नूँह के विकलांग लोगों को भी दर्जनों मुक़दमों में सरकार प्रशासन ने ग़लत फसाने का काम किया। ये कैसा प्रेम है। विधायक आफ़ताब अहमद ने मुख्यमंत्री से पूछा कि गुड़गाँव में मस्जिद के इमाम के क़त्ल करने वालों पर यू ए पी ए क्यों नहीं लगा।

विधायक आफ़ताब अहमद ने गुड़गाँव नमाज़ मामले को याद कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि नमाज़ पढ़ने की प्रथा जो खुले में हुई है, ये क़त्ई भी सहन नहीं किया जाएगा, ये प्रेम है। डिंगरहेडी डबल मर्डर गैंग रैप में मुख्यमंत्री के ये छोटी मोटी घटनाएँ हैं वाले बयान को लेकर भी विधायक निशाना गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इलाके से प्यार होता तो ईद पर लोगों के खाने की हाँड़ियों में सरकार नहीं झांकती। उन्होंने नासिर–जुनैद हत्याकांड के दौरान सरकार के ग़ैर ज़िम्मेदार रवैये को भी लेकर सरकार पर निशाना साधा। विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और बीजेपी सरकार को मेवात और यहाँ के शहीदों से प्रेम होता तो फिर सीएम बतायें कि केंद्रीय विद्यालय सालाहेडी,

ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेड़ा, मेवात कैनाल, एमडीयू रीजनल सेंटर कांग्रेस द्वारा मंजूर करने ज़मीन आवंटन के बावजूद दस साल में क्यों नहीं बने। उन्होंने कहा कि कोटला झील का विस्तार नहीं किया गया, यूनानी मेडिकल कॉलेज का काम बंद है, मेवात मॉडल खत्म कर दिये, मेवात कैडर निष्क्रिय है, 248 ए का दस साल में एक इंच काम नहीं हुआ, मुंबई एक्सप्रेस वे पर उजीना– मरोड़ा में कट नहीं दिये फिर कैसे माना जाय कि सरकार नूँह ज़िले से भेद. भाव नहीं कर रही है। यहाँ के किसानों को गंदा दूषित पानी दिया जाता है जो शर्मनाक है।

मेवात के कुर्थला की शहीद किरण शेखावत की शहादत पर खुद मुख्यमंत्री ने कहा था उनकी याद में एक कॉलेज बनाया जाएगा लेकिन आज तक कॉलेज नहीं बनाया गया बल्कि कांग्रेस द्वारा निर्मित सालाहेडी महिला कॉलेज का नाम बदल दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### खेड़ी स्कूल में मेधावी छात्रा आस्था को किया सम्मानित



छात्रा आस्था को सम्मानित करते प्राचार्य दीपक लाटा।

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी में बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य दीपक लाटा ने एनएमएमएस चयनित छात्रा आस्था को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से उन्न्ति के द्वार खुलते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत कर पढ़ाई करनी चाहिए। इस अवसर पर सतबीर सिंह,बलवान सिंह उपस्थित थे।

### एडवोकेट निम्बल बने गुरुग्राम लोकसभा के सह–संयोजक

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा सांसद कुरुक्षेत्र नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हरियाणा विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने एडवोकेट कमल निम्बल प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी नूंह को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा गुरुग्राम लोकसभा का सह–संयोजक नियुक्त किया है। अपनी इस नियुक्ति पर एडवोकेट कमल निम्बल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व सहित प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता का धन्यवाद किया है और कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूँ कि मुझे सगंठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा।

### बाघेश्वर धाम में महाशिवरात्री की धूम लगेगा विशाल मेला

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। फाल्गुन माह की त्रयोदशी को महाशिवरात्री के अवसर पर आज शुक्रवार को शिवालयों में शिवभक्तों की धूम रहेगी। जिसके लिए गुढा,उन्हाणी,धनौंदा,कनीना, झगडोली सहित क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों को चाक चौबंध किया गया है। बाघेश्वर धाम बागोत में आयोजित होने वाले महाशिवरात्री मेले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। यहां पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन, मेला व मंदिर कमेटी की ओर से रेलिंग तथा कैमरे लगाने सहित अन्य इंतजाम किए गए है।

# 152 करोड़ की 'मनोहर' सौगात रेवाड़ी की तीन दर्जन योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को 'संकल्प से परिणाम वर्ष' में पंचकूला से रेवाड़ी जिला को करीब 152 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों की 'मनोहर' सौगात दी। मुख्यमंत्री ने पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुडकर रेवाड़ी जिला की तीन दर्जन जनहितैषी विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय उद्घाटन एवं शिलान्यास समरोह का रेवाड़ी लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला स्तरीय समारोह में हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए जबकि कोसली से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, परिवार पहचान पत्र के स्टेट कॉरडिनेटर सतीश खोला की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता एडीसी अनुपमा अंजलि ने की। मंच संचालन प्रवक्ता सुधीर यादव ने किया।

उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने ऐसी व्यवस्था कायम की है कि हम सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मोबाइल और कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश–प्रदेश के विकास में पिछले 10 साल के कार्यकाल में रेवाड़ी जिला निरंतर भागीदार बना हुआ है।

जहां एक ओर जिला में स्वास्थ्य सेवाओं के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से 22वें एम्स का शिलान्यास हुआ है वही केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक विकास योजनाओं की सौगात रेवाड़ी जिला को निरंतर मिली हैं। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार वचनबद्ध है और इसके लिए सरकार द्वारा अनेक विकास योजनाएं क्रियांवित करते हुए आमजन को लाभान्वित करने की दिशा में कारगर एवं सराहनीय कदम उठाए हैं।

सरकार का जिला रेवाड़ी में शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, जल व बिजली आपूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर पूरा फोकस है।

हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन रेवाड़ी जिला के लिए विकास योजनाओं की 'मनोहर' सौगात लेकर आया है। आज जिला को करीब 152 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कर कमलों से मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी व ऊर्जावान नेतृत्व में दक्षिणी हरियाणा को पूरा मान–सम्मान मिला है। मनोहर सरकार के करीब 10 साल के कार्यकाल में दक्षिणी हरियाणा के अंतिम छोर तक पानी पहुंचा है।

सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए हरियाणा प्रदेशवासियों को पर्ची–खर्ची, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाई भतीजावाद, असमान विकास, भ्रष्टाचार की बेड़ियों से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक–हरियाणवी एक के नारे को चरितार्थ किया है।

'मनोहर' सरकार ने दक्षिणी हरियाणा में हर खेत की टेल पर पहुंचाया पानी : लक्ष्मण सिंह यादव'

विधायक कोसली लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में एक समान विकास हो रहे हैं। दक्षिणी हरियाणा में हर खेत की टेल तक पानी पहुंचाया गया है ताकि किसानों को खेतों की सिंचाई करने में परेशानी न आए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा फसलों पर सबसे ज्यादा एमएसपी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जी–20 के दौरान दुनिया का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि आज सरकार जनता के द्वार पर है।

उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में पूरे हरियाणा की बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का अंत्योदय और गरीब कल्याण पर विशेष फोकस है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कोसली क्षेत्र से विशेष स्नेह है।

## सांस्कृतिक विरासत को सहेजना का कार्य कर रही सरकार: नसीब सिंह

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। हरियाणा सरकार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना का कार्य प्रभावी रूप से कर रही है। संगीत्त विधा के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक संदेश देते हुए सरकार का सांस्कृतिक विधा में जीवंत रखने का प्रयास सराहनीय है। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह ने कही। वे गुरूवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के तत्वाधान में शहर के किशन लाल पब्लिक कालेज में बतौर मुख्यातिथि संगीत कार्यक्रम एवं व्याख्यान का शुभारंभ करने उपरांत उपस्थित युवाओं का संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नारा व कॉलेज प्राचार्या डा. कविता गुप्ता बतौर विशिष्टद्ध अतिथि उपस्थित हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने की। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रवक्ता ज्योत्सना यादव ने सूत्रधार की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए बताया कि विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ के दिशा निर्देशों और डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में संगीत कार्यक्रम एवं व्याख्यान का आयोजन विख्यात संगीतज्ञ पं.सुभाष चंद्र घोष द्वारा किया जा रहा है। मुख्यातिथि व अन्य विशिष्ट अतिथिगण द्वारा पं.घोष व उनकी टीम का मान–सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीईओ नसीब सिंह ने कहा कि शास्त्रीय संगीत की धुनों को सुनकर अलग ही आनंद का अनुभव हुआ है और यह संगीतमय उन्हें ताउम्र याद रहेगी।

## किसान ने बेटी की शादी कर बेटी को हैलीकॉप्टर से किया विदा

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। एक समय था जब देश दुनियाँ को अन्न उपलब्ध करवाने वाला मेहनतकश किसान खुद के परिवार के लिए दो वक्त की रोजीरोटी नहीं जुटा पाता था लेकिन प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आज प्रदेश का किसान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है और यह उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा के रेवाड़ी स्थित गांव गुजर घटाल निवासी एक ऐसे ही प्रगतिशील किसान उदयवीर पटेल ने अपनी बेटी का धूमधाम से विवाह कर उसे हैलीकॉप्टर से विदा किया और इस विदाई समारोह में दुल्हन को हैलीकॉप्टर से विदा होते देखने के लिये जनसैलाब उमड़ पड़ा। गांव में यह बारात जिला गुरुग्राम के छोटे से गांव से आई थी। दुल्हन प्रिया विदा होने से पूर्व बेहद खुश नजर आई और दूल्हे योगेश की खुशी का भी ठिकाना नही था, जिसने कहा उसने कभी कल्पना नहीं कि थी कि वह अपनी दुल्हन को हैलीकॉप्टर से अपने घर लेकर जाएगा लेकिन हैलीकॉप्टर द्वारा अपनी दुल्हन को ब्याह कर लाने का प्लान पहले से ही तय कर लिया गया था।

दुल्हन प्रिया के पिता उदयवीर पटेल की माने तो खेतीबाड़ी इनका पुश्तैनी काम है ओर इसी खेतीबाड़ी से इन्होंने अपनी बेटी और बेटे की पढ़ाया लिखाया ओर आज बेटी की शादी कर उसे हैलीकॉप्टर से विदा करकें इन्हे एक किसान होने ने नाते बहुत गर्व ओर खुशी हो रही है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

इनके व गांव के लोगों के लिये यह अनूठा अनुभव था जो पहले कभी गांव में महसूस तक नहीं किया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग–बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 361वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता दाताराम बागोत ने की। उन्होंने कहा कि कट की मांग को लेकर ग्रामीण ग्रामीण पिछले 12 महिने से धरने पर डटे हुए हैं। ग्रामीणों का जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि शीत लहर के बीच ग्रामीण कट बनाने की माग को लेकर धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। एनएच पर कट बनने से क्षेत्र के दर्जनभर गावों के ग्रामीणों को फायदा होगा।

इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करती रहती है जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है

## सेंसोरियम स्कूल परिसर में आशियाना फाउंडेशन ने मनाया महिला दिवस

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। वीरवार को सेंसोरियम स्कूल में आशियाना फाउंडेशन में महिला दिवस मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए फाउंडेशन की प्रवक्ता नीरू भारद्वाज ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया । इस कार्यक्रम में नये उभरती प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष दीपा भारद्वाज का सभी महिलाओं ने धन्यवाद किया कि वह इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करती रहती है जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति मंजु यादव रही। फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सुमन चौहान ने फाउंडेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी व फाउंडेशन परिवार में सबका स्वागत भी किया। मंच संचालन नीरू भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं को दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर उनका मान बढ़ाया। सम्मान समारोह में गरिमा भारद्वाज, स्वीटी चौहान, अनुराधा यादव, यशवनी, रेखा शर्मा, भावना भारद्वाज, सशी जुनेजा, गुड्डी, नीतू चौधरी, सुमन चौहान, सुमन यादव, डॉ कविता गुप्ता, विनीता पीपल, हेमलता, उर्वशी, प्रियंका, कृपा जेमिनी आदि अनेकों महिलायें रही। ये सभी महिलायें अनेक क्षेत्रों में कार्यरत है जैसे ब्यूटीशियन, टेलर, फैक्ट्री, शिक्षा सामाजिक संस्था, राजनीतिक आदि।

## सीहा स्कूल में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया




रेवाड़ी। जिले के गांव सीहा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मासिक प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत, सीहा की सरपंच सरिता यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला शिक्षकों के अलावा मेधावी विद्यार्थियों तथा अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में विभिन्न विकास कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत की सरपंच को विशेष रूप से अलंकृत किया गया।

विद्यालय के स्टाफ सचिव यशपाल आर्य के कुशल संयोजन एवं संचालन में आयोजित इस समारोह में एनएमएमएस क्वालीफायर मेधावी छात्रा पूनम, युवा संसद के प्रभारी प्राध्यापक नरेश कुमार, पुलिसकर्मी मुकेश कुमार व राजेश कुमार,विद्यालय की सफाई कर्मचारी रेशमा देवी के अलावा महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें प्राध्यापिका अलका, प्रियंका यादव, अनीता, सीमा देवी, सोनू, लक्ष्मी यादव, गायत्री, सुमित्रा, सुशीला तथा प्रियंका देवी के नाम उल्लेखनीय हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती यादव ने ग्राम पंचायत द्वारा स्कूल में विकसित की जा रही टाइल पार्किंग का उद्घाटन भी किया तथा निर्माणाधीन चारदीवारी के कार्य का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा खेलकूद में ज़िले तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीहा के सरकारी स्कूल की बहुआयामी गतिविधियों में अपना रचनात्मक सहयोग दें तथा नये सत्र के दाखिलों हेतु चल रहे पंजीकरण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

अध्यक्षीय संबोधन में श्री नाहड़िया ने नई शैक्षणिक सत्र के वार्षिक कैलेंडर तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रारूप की जानकारी दी। समारोह में प्राध्यापक सतपाल सिंह, शशि कपूर, प्रदीप चौहान, रवि कुमार, अनिल कुमार ने विभिन्न प्रभार संभाले।

## शिवरात्रि को शिव विवाह पढ़ने से मिलता है लाभ: संत रामगोपाल महाराज

समाचार गेट/निकिता माधोगढ़िया



रेवाड़ी। कोसली अनाज मंडी में श्री शिव शक्ति मंडल के तत्वावधान में आयोजित हो रही श्री शिव पुराण कथा के छठवें दिन राष्ट्रीय संत रामगोपाल महाराज ने कहा कि शिवरात्रि को शिव विवाह पढ़ने से लाभ मिलता है। राष्ट्रीय संत राम गोपाल जी महाराज ने आज शिव पुराण कथा में शिव विवाह का वर्णन अपने श्री मुख से किया। उन्होंने बताया कि एक राजा के लिए उसकी वंशावली सबसे अहम चीज होती है जो उसके जीवन का गौरव होता है। पार्वती के पिता पर्वत राज अपना आपा खो बैठे। उन्होंने नारद जी से पूछा भूत प्रेत जीव जंतु आए हैं। नारद जी ने कहा कि यह तो शंभू है इनके कोई माता–पिता नहीं है। इनकी कोई विरासत नहीं है। यह तो महादेव है। महाराज जी ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की और वे भगवान शिव को मन ही मन अपना पति मान चुकी थी। जब बारात लेकर शिव पहुंचे तो उनकी सास मां बेहोश हो गई थी। महाराज जी ने बताया कि शिव रात्रि के दिन शिव विवाह को पढ़ने सुनने से बहुत अधिक लाभ मिलता है। महाराज जी ने कहा कि हम किसी भी विवाह शादी समारोह में झूठा छोड़ देते हैं उससे पाप लगता है। उन्होंने बताया कि उतना ही लो थाली में जितना खाया जाए ।

हमारे देश में कोई भी भूखा नहीं रहना चाहिए। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के सानिध्य में आयोजित हो रही इस कथा में क्षेत्र के हजारों पुरुष एवम महिलाएं धर्म लाभ ले रही हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश प्रकाश भारद्वाज, मंडी प्रधान दिनेश गोयल, एडवोकेट तेजपाल गर्ग श्री श्याम सेवा संघ के प्रधान नवीन गोयल, मोनिका गोयल, रतन देव गोयल, प्रीति गोयल, डॉक्टर सुषमा यादव, रेखा गर्ग, सुमन सोनी, सुमन सिंगला, पूजा गर्ग, मीरा गर्ग, सुमन यादव, उषा, कौशल्या, तोशाम से रोशनी देवी, कृष्णा सिंघल, पूर्व सरपंच राजेंद्र अग्रवाल झाड़ोदिया, विजेंद्र सिंह, प्रवीण हवलदार, लाल सिंह, प्रकाश, पूर्व सरपंच सुरेंद्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था।
यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय।
21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है।
जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान
पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**– नरेन्द्र मोदी**

# अंत्योदय से अंतिम के उदय को साकार करती हरियाणा सरकार

## हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY)

## श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

द्वारा

## शुभारंभ




हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक **निःशुल्क यात्रा** की सुविधा

एक लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले लगभग 22 लाख 89 हजार परिवारों के अनुमानित **84 लाख सदस्य होंगे लाभान्वित**

**₹50 के मामूली अंशदान** पर लाभार्थियों के लिए बनाया जाएगा **HAPPY CARD**

**HAPPY CARD**
आवेदन हेतु
क्यू आर कोड स्कैन करें
अथवा
वेबसाइट पर जाएं

https://ebooking.hrtransport.gov.in/#/ppp/apply/happy



सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana